# <u>सूचना लेखन</u>

सूचना मौखिक व लिखित दो रूप में होती है। मौखिक सूचना रेडियो आदि के माध्यम से दी जाती है और लिखित सूचना समाचार पत्र, सूचना पट्ट आदि के माध्यम से दी जाती है।

जब सूचना को लिखित रूप में देने की आवश्यकता होती है, उसे सूचना लेखन कहते हैं।

<u>सूचना लेखन का उद्देश्य</u> :-

1. कई लोगों को एक साथ सूचना देना।
2. किसी महत्त्वपूर्ण जानकारी को देना।
3. संक्षिप्त में पूरी जानकारी जन-जन तक पहुँचाना।

<u>सूचना लेखन के संबंध में ध्यान देने योग्य बातें</u> :-

1. सूचना में सबसे ऊपर सूचना जारी करने वाली संस्था का नाम लिखा जाता है।
2. इससे अगली पंक्ति में सूचना शब्द लिखते हैं।
3. इससे अगली पंक्ति में दिनांक लिखते हैं।
4. इसके बाद सूचना का शीर्षक लिखते हैं।
5. अगली कुछ पंक्तियों में, जिस उद्देश्य से सूचना लिखी जानी है, उसकी आवश्यक जानकारी लिखी जाती है।
6. सूचना लेखन से क्यों, कब, कहाँ, क्या, कौन आदि प्रश्नों का उत्तर मिलना चाहिए।
7. सूचना के अंत में भाई ओर सूचना देने वाले का नाम व पद लिखा जाना चाहिए।
8. सूचना की भाषा सरल, स्पष्ट व प्रभावशाली होनी चाहिए।

**(I)**

आप निशांत पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजय शर्मा हैं। सभी शिक्षकों और हाउस कैप्टन को वार्षिक उत्सव के आयोजन संबंधी बैठक में उपस्थित रहने से संबंधित 20-30 शब्दों की सूचना लिखिए।

**निशांत पब्लिक स्कूल, देहरादून**

**सूचना**

29-10-19

<u>वार्षिक उत्सव संबंधी बैठक</u>

सभी शिक्षकों और हाउस के कैप्टनों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक उत्सव के संबंध में 30-10-19 को दोपहर 1:30 बजे प्रधानाचार्य कक्ष में बैठक होगी सभी का उपस्थित होना अनिवार्य है।

अजय शर्मा

प्रधानाचार्य

**(II)**

आपका नाम अमित है, परंतु आपने अपना नाम सजल रख लिया है। इसकी सूचना विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को देने के लिए सूचना लिखिए।

**सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंदौर**

**सूचना**

17-01-20

<u>नाम बदलने की सूचना</u>

सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि मैं कक्षा 10 “ब” का विद्यार्थी हूँ। पहले मेरा नाम अमित था, परंतु निजी कारणों से अब मेरा नाम सजल है। भविष्य में मुझे इसी नाम से बुलाया जाए।

सजल

कक्षा दसवीं “ब”

**(III)**

आप जिस सोसाइटी में रहते हैं, वहाँ 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करना चाहते हैं। इस संबंध में एक सूचना लिखिए।

<table>
<tr><td>

**ओसवाल हाउसिंग सोसायटी, जयपुर**

**सूचना**

1 अगस्त, 20

<u>स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में सूचना</u>

सोसाइटी निवासियों को सूचित किया जाता है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक लोग अपना नाम सोसाइटी के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को 5 अगस्त तक लिखवा दें।

सुभाष कुमार

सोसायटी अध्यक्ष

</td></tr>
</table>

**(IV)**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में यातायात की सुविधा बाधित रहेगी। इस संबंध में एक सूचना लिखिए।

**यातायात सेवा विभाग**

**सूचना**

15-01-2020

<u>गणतंत्र दिवस के अवसर पर यातायात बाधित</u>

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ, इंडिया गेट आदि पर झांकियाँ निकाली जाएँगी, तरह-तरह के सांस्कृतिक प्रोग्राम होंगे तथा अन्य कई आयोजन होंगे। इस कारण 26 जनवरी 2020 को सुबह 5:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक इस क्षेत्र में किसी भी तरह की यातायात की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

असुविधा के लिए खेद है।

राजपाल यादव

यातायात अधिकारी

**(V)**

आप बाल विद्यालय सीनियर सैकेंडरी स्कूल की नेहा हैं। आपको खेल के मैदान में एक कान की बाली मिली है। इससे संबंधी सूचना तैयार कीजिए।

**बाल विद्यालय सीनियर सैकेंडरी स्कूल, फिरोजपुर**

**सूचना**

25-02-2020

<u>खोया-पाया</u>

दिनांक 24-02-20 को दोपहर सातवें कालांश में जब मैं खेल के मैदान में खेलने गई, वहाँ मुझे एक कान की बाली मिली, जो मैंने प्रधानाचार्य के पास जमा करवा दी है। जिस किसी की भी हो, वह बाली की पहचान बताकर प्रधानाचार्य जी से प्राप्त सकता है।

नेहा शर्मा

कक्षा सातवीं "ब"